कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने गौठान परिसर में रोपित किए पौधे, रोका-छेका संकल्प अभियान के तहत पशुपालकों से मिलकर की चर्चा, अभियान के बारे में दी जानकारी

भिलाई नगर/ दुर्ग जिले के कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे , आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी, जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती तुलसी साहू , प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अरुण सिंह सिसोदिया , महापौर परिषद के सदस्य नीरज पाल एवं लक्ष्मी पति राजू , अंकुश पिल्ले, जयंत देशमुख, केशव चौबे, मोहन गुप्ता, नामांकित पार्षद नरसिंह नाथ, शमशेर बहादुर, मोहम्मद सद्दाब आदि ने गौठान परिसर में 50 से अधिक पौधे नीम , गुलमोहर, बादाम, महागिनी, अमलतास आदि के रोपित किए!

गौठान परिसर में सभी ने मिलकर पौष्टिक आहार के रूप में पशुओं को रोटी एवं गुड़ खिलाया!

रोका-छेका संकल्प अभियान के तहत पशुपालकों से मिलकर कलेक्टर ने की चर्चा , अभियान के बारे में दी जानकारी आज से प्रारंभ हुए रोका-छेका संकल्प अभियान के तहत पूरे निगम भिलाई क्षेत्र में पशुपालकों से संकल्प पत्र भराने का कार्य किया जा रहा है! इसी के तहत गौठान में भी पशुपालकों से संकल्प पत्र भराने का कार्य किया गया! नगरीय क्षेत्रों को आवारा पशु मुक्त , साफ सुथरा एवं स्वच्छ रखने के साथ-साथ दुर्घटना मुक्त रखने के लिए माननीय मुख्यमंत्री के निर्देश पर दिनांक 19 जून 2020 से 30 जून 2020 तक रोका-छेका संकल्प अभियान चलाया जा रहा है! निगम भिलाई क्षेत्र में आज से इसकी शुरुआत की जा चुकी है! आयुक्त श्री रघुवंशी ने इस बाबत सभी जोन आयुक्तों एवं राजस्व के अधिकारियों को निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं!